भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 15.08.2022

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली मे धूमधाम से मनाया गया 76 वां स्वतंत्रता दिवस

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 15.08.2022 को 76वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री एस.एस. कलसी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य कार्यक्रम आरेडिका स्थित सरस्वती प्रेक्षागृह प्रांगण में आयोजित किया गया।

आरेडिका में हर घर तिरंगा अभियान के दौरान लगभग 2300 घरों एवं जन सेवा भवनों पर 13–15 अगस्त तिरंगा फहराया गया एवं जन सेवा भवनों को रंग–बिरंगे विधुत प्रकाश द्वारा तिरंगें के रूप में सजाया गया एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्र गौरव में सहभागिता की।

महाप्रबन्धक महोदय ने आरेडिका के वर्ष 2022 की उपलब्धियों के बारे में बताया। रेलवे बोर्ड द्वारा आरेडिका को वित्तीय वर्ष 2022–23 में दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। आरेडिका द्वारा वन्देभारत, तेजस एवं मोजाम्बिक हेतु विभिन्न प्रकार के कोचों का उत्पादन किया जा रहा है।

इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया जिसमें उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के कर्मचारी तथा स्काउट एवं गाइड के बच्चे भी शामिल हुए एवं आरेडिका सांस्कृतिक संगठन द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें देशभक्ति गीत एवं नाटिका प्रस्तुत किए गये।

इसके साथ–साथ आरेडिका के आवासीय परिसर स्थित ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती हरविन्दर कलसी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

समारोह में आरेडिका के अधिकारी,कर्मचारी, यूनियन के प्रतिनिधि तथा महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारी भी उपस्थित रहीं। आरेडिका में कार्यरत कर्मचारियों एवं अन्य जनमानस को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों को दिखाने के लिए सोशल मीडिया द्वारा प्रसारित किया गया।

15/8/2022
(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी